# दिशा बैठक में सांसद ने कहा, अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करें

शाजापुर।

**सभी अधिकारी शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन जनप्रतिनिधियों को साथ में लेकर करें। उक्त निर्देश क्षेत्रीय सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी ने गतदिनों जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक में दिए। सांसद सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित दिशा बैठक में कलेक्टर दिनेश जैन, समिति सदस्य भगवतसिंह राजपूत, चंदरसिंह सौराष्ट्रीय, किरण देवी, कैलाशन्द्र पाटीदार, हरिओम गोठी सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।**



सांसद सोलंकी ने कहा कि जिले में योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से हो रहा है और विकास कार्य भी अच्छे से संचालित हो रहे हैं। इसके लिए सभी अधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होने कहा कि अधिकारी मेहनत और लगन के साथ कार्यों का क्रियान्वयन अपने देश और प्रदेश के विकास के दृष्टिकोण से करेंगे तो और अच्छा कार्य होगा। सांसद ने कहा कि जिन विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में गलतियां की हैं, वे सुधार लाएं। सभी अधिकारी अपने कार्य व्यवहार में भी बदलाव लाएं और जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर कार्य करें। इस मौके पर उन्होने कहा कि शाजापुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों को बेटियों के नाम करने का शाजापुर जिले में अभूतपूर्व अप्रत्याक्षित कार्य किया है, इसके लिए जिला प्रशासन बधाई का पात्र है। इस दौरान समीक्षा में महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि हाट बाजारों में लगाए जा रहे शिविरों की जानकारी पूर्व से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को दें एवं शिविर लगाए जाने के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार करें। महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने रोशनी अभियान के लिए चयनित बच्चों की संख्या, कुपोषित बच्चों को गोद लिए जाने की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सांसद सोलंकी ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालन की जानकारी ली। समेकित विद्युत विकास योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के संबंध में नगरपंचायत पानखेड़ी में लगाए जा रहे खंबों के संबंध में सांसद ने निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्वक हो। बैठक में महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सडक् योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी योजना एवं मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के पालन-प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गई। वहीं जिले में 326 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2020-21 के लेबर बजट के लक्ष्य 30.70 लाख के विरूद्ध 32.68 लाख मानव दिवस सृजित करने पर सांसद ने बधाई दी। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि जिले की चार जनपद पंचायतों में स्वसहायता समूहों को उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित एक-एक नर्सरी संचालन के लिए दी गई है। साथ ही स्वसहायता समूहों द्वारा अगरबत्ती, चूड़ी आदि का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अलावा जिले में आला उमरोद में वृहद वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया है, जिससे क्षेत्र की जल समस्या का निदान हुआ है। बैठक में सांसद सोलंकी ने जलसंसाधन विभाग के कार्यापालन यंत्री को विगत 2 वर्ष पूर्व अत्यधिक वर्षा से फूटे खोकराकलां डेम की मरम्मत के कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मरम्मत की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए विभागीय अधिकारियों से संपर्क करें। सांसद ने कहा कि सभी तालाबों पर नजर रखें। तालाब फूटने की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान रखें। तालाबों के मरम्मत का कार्य सतत् जारी रखें। कबूलपुर कमरदीपुर की योजना के क्रियान्वयन नहीं होने के कारण की संपूर्ण जानकारी दें। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के कार्य की समीक्षा में सांसद सोलंकी ने कहा कि अस्पतालों के अपग्रेडेशन के लिए प्रस्ताव तैयार करें। उन्होने कहा कि वे भी अस्पतालों के अपग्रेडेशन के लिए सांसद निधि से राशि देंगे। पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा में सांसद ने पशुओं के चल रहे टेगिंग कार्य की प्रशंसा की।

# कलेक्टर ने वार्डों का भ्रमण कर निर्माणाधीन विकास कार्यों का अवलोकन किया

## नागरिकों से समस्याओं की ली जानकारी

विदिशा (निप्र)।



**कलेक्टर एवं विदिशा नगरपालिका के प्रशासक डॉ पंकज जैन ने विदिषा निकाय के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर निर्माणाधीन विकास कार्यो की गति-प्रगति तथा गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले पीतल मील चौराहा से सागर पुलिया की ओर निर्माणाधीन सीसी सड़क की गुणवत्ता तथा नालियों से दूषित पानी की निकासी केलिए किए जा रहे प्रबंधो का अवलोकन किया।**

उन्होंने सीसी मार्ग में विद्युत पोलो को शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने अवगत कराया कि विद्युत वितरण कम्पनी को पोल शिफ्ट करने हेतु राशि प्रदाय की गई है। जिन क्षेत्रो में सीसी निर्माण हुआ है वहां के विद्युत पोलो को कटर से काटकर हटवाया जाएगा। कलेक्टर डॉ जैन ने निर्देष दिए कि निर्माण कार्य के कारण किसी भी प्रकार का व्यवधान ना हो, विषेष रूप से यातायात-आवागमन को सुगम बनाने मार्ग को डायवर्ट करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने क्षेत्र व्यवसायियों से संवाद कर विकास कार्यो की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने दुकानदारो से कहा कि नाली के उस पार ही व्यवसाय का संचालन करें। नाली पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण ना करें, साथ ही दुकान की सामग्री को बाहर ना टांगे। यदि कही ऐसा पाया जाता है तो निकाय के अमले के द्वारा जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर डॉ जैन ने इस दौरान दुकानदारो को सोशल डिस्टेन्सिग और मास्क का उपयोग करने-कराने पर विषेष बल दिया। कलेक्टर डॉ जैन ने अनेक मोटर साइकिल चालको द्वारा मास्क ना लगाने पर उनसे जुर्माने की राशि वसूलने के निर्देश दिए। नगरपालिका के अमले द्वारा प्रत्येक वाहन चालक से 100 रू. की रसीद काटकर जुर्माने की राशि वसूली गई है। कलेक्टर डॉ जैन ने तलैया मोहल्ला व रंगियापुरा क्षेत्र के नाले-नालियों का अवलोकन कर विषेष साफ-सफाई के निर्देश दिए।

## खास-खबर

### मां ने डांटा तो 10 वीं के छात्र ने खा लिया जहर

**उज्जैन।** कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले बालक ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर जहर खा लिया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां शाम को बालक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है। सोहन पिता सजनसिंह चावड़ा निवासी आसेर थाना कायथा को मां विष्णुबाई ने पढ़ाई के लिये डांटा था। सोहन नाराज होकर खेत पर गया और जहर खा लिया। तबियत बिगडने पर परिजनों ने उसे प्रायवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान शाम को सोहन ने दम तोड़ दिया। सोहन इकलौता पुत्र था और उसके पिता खेती करती हैं।

### नागदा के सात वार्डों में भा.रा.छा.सं अध्यक्ष नियुक्त

**नागदा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विपिन वानखेड़े,प्रदेश प्रवक्ता आयुष शुक्ला,विधानसभा अध्यक्ष आसिफ शेख की सहमति एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बसंत मालपानी की अनुशंसा पर भा.रा.छा.सं नागदा शहर अध्यक्ष सीताराम सोनी ने अर्जुन चौहान को नागदा शहर उपाध्यक्ष,वार्ड क्र.2 से त्रिभुम मिश्रा,वार्ड क्र 11 से तेजकरण राय ,वार्ड क्र.29 से पवन दायमा,वार्ड क्र 32 से विकास गौड़,वार्ड क्र 33 से विकास कराड़िया, वार्ड क्र 35 से विशाल शाक्या,वार्ड क्र 36 से आशीष परिहार को अध्यक्ष नियुक्त किया।इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दिलीप फतरोड़,अशोक परांजपे,चेतन नामदेव आदि मौजूद थे।

### फसल ऋण वसूली एक माह बढ़ेगी

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने बताया है कि प्रदेश सरकार किसानों को राहत देने जा रही है। उन्होंने बताया कि किसान हितैषी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति 31 मार्च को होने वाली फसल ऋण वसूली की अवधि को 1 माह बढ़ाए जाने पर सहमति प्रदान कर दी है। एक माह की अवधि बढ़ने से अब किसानों की मुश्किल कम होगी और वे फसल ऋण की राशि को जमा कर सकेंगे।

### समर्थन मूल्य पर चना, मसूर और सरसों का खरीदी स्थगित

**सीहोर।** मध्यप्रदेश में मौसम परिवर्तन के चलते शासन द्वारा रबी उपार्जन वर्ष 2021-22 के तहत 22 मार्च से शुरू किया जाने वाले समर्थन मूल्य पर चना, मसूर और सरसों की खरीदी स्थगित कर दी है। समर्थन मूल्य पर खरीदी शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है।

### धिक्कार रैली के स्थान पर माँ शीतला को लगाई अर्जी

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय अप-डाउनर्स एकता संघ पिछले लम्बे समय से आमजन की रेल संबंधी समस्याओं सामान्य ट्रेन, सामान्य टिकिट एवं एमएसटी के संचालन के लिए लगातार रेल प्रशासन से गुहार लगा रहा है लेकिन रेल प्रशासन के कान पर जूँ तक नहीं रैंग रहा। सामान्य ट्रेनें व उक्त सुविधाएँ न मिलने के कारण अप-डाउनर्स को अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को चेताने के लिए रविवार को एकता संघ ने धिक्कार रैली निकालने का संकल्प लिया था पर जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ने से धारा 144 लागू कर दी गई है। परिणाम स्वरूप संघ को धिक्कार रैली निकालने की अनुमति नहीं मिली तो एकता संघ ने माँ शीतला मंदिर पहुँचकर माँ शीतला को अपनी मांगों की पूर्ति के लिए अर्जी लगाई। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

### पक्षियों के लिए पानी पात्र टांगे

**गंजबासौदा।** सृष्टि सेवा समिति के अध्यक्ष रूपेश लाड़ ने गोरैया दिवस पर चिड़ियों के घोंसले ओर मिट्टी से निर्मित पीने के पानी के जल पात्रों को नगर के सार्वजनिक स्थानों पर लगाये। समिति ने पाराशरी मुक्तिधाम, नगर पालिका परिसर , शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय प्रांगण, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरेठ रोड स्थित भगवत दत्त जिज्ञासू के निजनिवास पर लगाये। इस मौके पर विदिशा के समाजसेवी विकास पचौरी ने मुक्तिधाम पर चिड़ियों ओर कबूतरों के रहने की अलग से दड़बे बनाने की योजना बताई। वहीं जीपी भार्गव ने सृष्टि सेवा के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपको सभी विद्यालयों में जाकर ऐसे रचनात्मक कार्यो को ले जाना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी सीख सके।

# नकली ब्रेसलेट और चेन ऐसे कि सुनार भी धोखा खा गया

## पुलिस गिरफ्त में आया पंवासा का बदमाश फ्रीगंज में बेच रहा था, पिता ले चुका गोल्ड लोन

उज्जैन।

**सोने के ब्रेसलेट और चेन लेकर फ्रीगंज क्षेत्र में बेचने निकले व्यक्ति को माधव नगर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा और थाने लाकर पूछताछ की। उक्त व्यक्ति ने दोनों रकम अहमदाबाद के व्यक्ति से खरीदना बताया साथ ही कबूला कि नकली आभूषण प्रायवेट बैंक में गिरवी रखकर उसके पिता ने गोल्ड लोन भी लिया है।**

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सोने की चेन व ब्रेसलेट लेकर फ्रीगंज क्षेत्र में बेचने घूम रहा है इस पर एक टीम गठित कर उक्त व्यक्ति की तलाश शुरू की गई। घेराबंदी कर लखन पिता बापू गिरी निवासी बरखेड़ी घट्टिया हालमुकाम पंवासा को पकड़कर थाने लाकर तलाशी ली। उसके पास से सोने की चेन और ब्रेसलेट बरामद हुआ। पूछताछ में लखन गिरी ने पुलिस को बताया कि सोने के आभूषण उसने अहमदाबाद में रहने वाले प्रेम नामक व्यक्ति से खरीदा थे और यही आभूषण बेचने के लिये वह फ्रीगंज क्षेत्र में ग्राहक ढूंढ रहा था। लखन ने पुलिस को बताया कि उसके पिता बापूगिरी ने प्रायवेट बैंक में सोने के आभूषण गिरवी रखकर लोन भी लिया है। मामले की जांच कर रहे एसआई मनीष लोधा ने बताया कि सोने के आभूषण की जांच कराने के लिये सुनार की दुकान पर गये। सुनार से कहा कि यह आभूषण गिरवी रखना है। सुनार ने आभूषण चैक किये और गिरवी रखने को तैयार हो गया। उसे भी पता नहीं चला कि आभूषण नकली हैं। एसआई लोधा के अनुसार सुनार को सोने की चैन और ब्रेसलेट चैक कराने पर वह धोखा खा गया। जब सुनार को पुलिस ने बारीकि से जांच करने को कहा तो सुनार ने ब्रेसलेट और चैन को काटा फिर तेजाब डालकर चैक किया तो पोल खुली। पुलिस ने लखन से पूछताछ के बाद अहमदाबाद के प्रेम नामक व्यक्ति की जानकारी एकत्रित की है। उसे गिरफ्तार करने पुलिस टीम गुजरात जाएगी साथ ही लखन के पिता बापू गिरी द्वारा बैंक में गिरवी रखे आभूषणों की जानकारी भी जुटाएगी।

### जिले में 28 कोरोना के नए मरीज मिले

**उज्जैन।** उज्जैन जिले में कोरोना के 28 संक्रमित मरीज मिले है जिसमें उज्जैन में 25 तथा नागदा में 3 मरीज मिले है। आज दिनांक तक कुल पॉजीटिव मरीज 5701 मिले है जबकि डिस्चार्ज हुए मरीजों की संख्या 5297 है। पॉजीटिव मरीजों के उपचाररत संख्या 299 है तथा कोरोना से कुल व्यक्तियों की मृत्यु 105 हुई है। उज्जैन में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के कारण तथा आसपास के जिलों में कोरोना के फैलाव के मद्देनजर उज्जैन जिले में मास्क पहनकर निकलना अनिवार्य किया गया है। रविवार को मास्क नहीं पहनने वाले 82 उल्लंघनकर्ताओं पर 15 हजार 600 रुपए का जुर्माना किया गया तथा 14 व्यक्तियों को अस्थाई जेल भेजा गया। अपर कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान द्वारा उक्त जानकारी दी गई।

### प्राण प्रतिष्ठा समिति के अध्यक्ष बने राजेन्द्र राठौर खेरटिया

**सीहोर।** रविवार को राठौर धर्मशाला में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व से निर्धारित श्रीराम जानकी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 25 अप्रैल 2021 को होना तय किया गया कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। समाज ने तय किया कि हम नियमानुसार कार्य करेंगे। जिसमें प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र राठौर खेरटिया को बनाया गया। वह अपनी कार्यकारिणी स्वयं गठन करेंगे और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर समाजजनों को अवगत करवाएंगे। बैठक में विशेष रूप से वरिष्ठ सहयोगी कुंदल लाल राठौर सहित सतीश राठौर अध्यक्ष, महामंत्री जितेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष दिलीप राठौर, कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र राठौर, राजेंद्र कक्का, नरेंद्र भाईजी, नरेंद्र नाकेदार, चंपालाल, गीता राठौर, गोविंद पहलवान, अर्जुन सिंह, रमेश राठौर, हरीश राठौर, सुरेंद्र राठौर, अनिल राठौर, सुरेश पहलवान उपस्थित रहे।

### राजेश चतुर्वेदी बने विदिशा नपा लघुवेतन कर्मचारी संघ अध्यक्ष

विदिशा (निप्र)।

**मध्यप्रदेष लघुवेतन कर्मचारी संघ से संबद्ध नगरपालिका लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मंगलसिंह तोमर ने सर्वसम्मति से राजेष चतुर्वेदी को विदिषा नगरपालिका लघुवेतन कर्मचारी संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर विदिषा नपा संगठन की कार्यकारिणी भी गठित की गई।**

जिसमें राजू सेन, अनिल जैन, अनिल रैकवार, श्रीमती पार्वती प्रजापत, कुमारी रचना राजपूत, रविषंकर चौपड़े तथा अखिलेष को परामर्षदाता मनोनीत किया गया। वहीं, संतोष कुमार राय, अंकित शर्मा तथा दिलीप शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमित मिश्रा, लेखसिंह कुषवाह तथा विक्रांत पुरोहित को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। गिरजेष मिश्रा तथा विषाल जैन को संयुक्त रूप से कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार आदेष जैन, श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर, बब्लू राय, लाखनसिंह कुषवाह, राकेष विष्वकर्मा तथा सुखलाल को महामंत्री मनोनीत किया गया है। भूपेन्द्र राजपूत, अरविन्द किरार, सुनील सेन, उमेष प्रजापति एवं कल्याण मालवीय को संगठन मंत्री, मंजीत सिंह, संतोष षिल्पकार तथा वीरसिंह लोधी को कार्यकारिणी सचिव बनाया गया है। अनिल साहू, राजेष यादव, कल्याण सिंह रैकवार, मलखान सिंह, महेष अहिरवार तथा राजेन्द्र साहू सह सचिव नियुक्त किए गए हैं। अष्विनी श्रीवास्तव, यषपाल रघुवंषी, अंसार खां, चंद्रप्रकाष प्रजापति तथा मनीष व्यास संयुक्त रूप से मीडिया प्रभारी होंगे। इसी प्रकार दिनेष सक्सेना, विजय राय, मनीष सेन, बलवीर रैकवार, रामचरण, धर्मवीर, किषन मालवीय, रणवीर तोमर, सकीना बाई तथा शंकरसिंह कुषवाह को प्रचार मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया है।

# 10 किलो गाँजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

गंजबासौदा।



**पिछले काफी समय से पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के क्रय, विक्रय परिवहन एवं खेती करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस प्रशासन को काफी हद तक सफलता भी मिली है।**

उक्त अभियान को सफलता प्रदान करने के लिए पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय साहू के मार्गदर्शन व एसडीओपी भारत भूषण शर्मा के नेतृत्व में देहात थाना प्रभारी बीडी वीरा के द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई है। टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि उदयपुर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों का क्रय, विक्रय एवं बड़ी तादाद में अवैध मादक पदार्थों का परिवहन किया जाता है। पुलिस द्वारा उदयपुर क्षेत्र से ओमप्रकाश पुत्र कंछेदीलाल 30 वर्ष निवासी लाल पठार बासौदा, छोटीबाई अहिरवार पत्नि पर्वत अहिरवार 37 वर्ष निवासी सेमरा को 10 किलो गाँजे के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि छोटी बाई का पति गाँजे का क्रय विक्रय करने के प्रकरण में जिला राजगढ़ में जेल में बंद है। वहीं नेतराम पुत्र कंछेदीलाल निवासी लाल पठार पर भी कोतवाली थाना बासौदा में गाँजा विक्रय के प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपियों के विरूद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। उदयपुर क्षेत्र में पिछले लम्बे समय से अवैध मादक पदार्थों का कारोबार खूब फल फूल रहा है। पिछले महीने भी बड़ी मात्रा में गांजे के पेड़ जप्त किये गये थे।

### राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना की होली की रंग-तरंग संगोष्ठी हुई

**नागदा( निप्र )।** होली की रंग-तरंग संगोष्ठी ऑनलाईन के मुख्य अतिथि श्री ब्रजकिशोर शर्मा वरिष्ठ अतिथि डॉ. शहाबुद्दीन शेख एवं डॉ. प्रभु चौधरी रहे। सरस्वती वंदना आयोजक श्रीमती रूली सिंह, स्वागत भाषण पूर्णिमा कौशिक रायपुर, होली गीत काव्य संगोष्ठी का आरम्भ श्रीमती सुवर्णा जाधव ने एवं डॉ. दीपिका सुतोदिया गुवाहाटी ने किया। महिला इकाई की महासचिव सुनीता चौहान ने होली गीत सुनाया। हरियाणा की गरिमा गर्ग ने फाल्गुनी गीत सुनाया पिया कब आओगे। होली गीत की कवितामय प्रस्तुति राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री सुंदरलाल जोशी 'सूरज' ने दी एवं डॉ. रश्मि चौबे ने महारानी अवन्तिबाई की स्मृति में गीत सुनाया। पूर्णिमा कौशिक ने होली मनाने का आव्हान गीत के माध्यम से किया। संचालिका लता जोशी ने होली गीत सुनाया।

# टीकाकरण समाज के लिए पुण्य का काम भी है और समाज की सेवा भीः खत्री

## 51 स्थानों पर वेक्सीनेशन किया जायेंगा

रायसेन।



प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मरीजों की संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर उमा शंकर द्वारा जिले में कोरोना की रफ्तार को कम करने की दिशा में तेजी से कार्य करने से पीछे नहीं है जिसको लेकर कलेक्टर द्वारा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश खत्री को निर्देश जारी किए है कि ज्यादा ज्यादा से वेक्सीन लगाई जायें कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सोमवार से जिले के 51 स्थानों पर वेंक्सीनेशन किया जायेंगा जिसमें 60 वर्ष से ऊपर और 45 वर्ष से ऊपर कोमोरविड हितग्राही का टीकाकरण किया जायेंगा जिससे जिले में कोरोना के मरीज कम रहे अगर बढ़ते है तो जिसके लिए जिला प्रशासन को सख्त रूख अपनाना पड़ेगा जिस कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले की जनता से अपील की है कि वह मास्क और दो गज की दूरी बनाते हुए वेक्सीन लगाकर अपनी और परिवार की सुरक्षा करने में जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान करें तभी हम जिले वासी कोरोना पार्ट 2 पर विजयी हासिल कर सकते है जिसके लिए जनता का जागरूक होना भी जरूरी है।

### 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने चलाएंगे जागृति अभियान

**सीहोर।** टीबी हारेगा, देश जीतेगा जनआंदोलन अभियान पर धर्म गुरुओं की बैठक जिला क्षय उन्मूलन कार्यालय में रविवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. जेडी कोरी ने की। बैठक में हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई, बुद्धिस्ट व कबीरपंथ से संबंधित धर्म गुरू शामिल हुए। बैठक में सहमति बनी की भारत को 2025 तक टीबी मुक्त किया जाना है। जिसमें सभी धर्म-समुदायों के लोगों की अहम भूमिका रहेगी। इसके लिए सभी समाज में जागृति लाना तथा टीबी के मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार किस तरस से दिलाया जाय इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीण स्तर पर इसके लिए जागृति अभियान संचालित किए जाने एवं स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किए जाने पर भी सहमति बनी। अंत में आभार टीबी कार्यालय से असद उल्लाह खान और प्रदीप भावसार ने माना।

## जनपद पंचायत के 5 सचिवों की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाईन 181 पर

# अनुसूचित जाति आयोग और पुलिस महानिरीक्षक तक पहुंची सचिवों की शिकायत

रायसेन।

जिले में आजकल सबसे ज्यादा चर्चित विभागों में जनपद पंचायत सांची और जनपद पंचायत सिलवानी के अर्न्तगत आने वाली ऐसी पंचायते शामिल है जिनका संचालक बाहुवली सचिव और रोजगार सहायक करते चले आ रहे है। जो कही विधायक को अपना नजदीकी रिश्तेदार तो कहीं कोई पंचायत मंत्री का अपना रिश्तेदार और कई सचिव जिला पंचायत के अधिकारियों को अपना करीबी बताते हुए पंचायतों में विकास कार्यो के नाम पर जमकर अनिमितताये से पीछे नहीं रहते जब इन बाहुवली सचिवों की शिकायतें और जानकारी के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम की जानकारी आवेदन कर्ता द्वारा मांगी जाती है तो यह दबंग सचिव अपनी पंचायत में मिली अनेक मदो की राशि में की गई अनिमितताओं की पोल अगर खुल गई तो जो जमीं हुई परते बाहर निकल आयेंगी। जिसको लेकर सिलवानी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ मुआर छींद शालाबरू साईखेड़ा वीकलपुर के सचिवों द्वारा आवेदन कर्ता अनुसूचित जाति के थान सिंह मालवीय को 17 मार्च को जानकारी प्रदान करने के नाम बुलाकर दबाब बनाते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया गया जिसको लेकर 18 मार्च को शिकायत कर्ता द्वारा हरिजन कल्याण विभाग में सचिव हनुमंत रघुवंशी ओर मुन्नालाल रघुवंशी की शिकायत की गई जिस पर शिकायत कर्ता की शिकायत पर हरिजन कल्याण विभाग में कथन और बयान सचिवों के लिए गए वहीं इस मामले को लेकर फरियादी द्वारा शुक्रवार को 19 मार्च को अनुसूचित जाति आयोग और पुलिस महानिरीक्षक के अलावा मानवाधिकार आयोग में शिकायत की गई है।

### रात्रि को बाजार बंद करने में आनाकानी, पुलिस ने 137 के खिलाफ दर्ज किए प्रकरण

**उज्जैन।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर शुरू हो चुकी है। जिले में प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक कोरोना मरीज सामने आ रहे हैं। कलेक्टर द्वारा जिले में धारा 144 लागू करते हुए रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक अति आवश्यक सामग्री की दुकानों को छोड़कर बाजार बंद करने के आदेश जारी किये हैं जिसका पालन कराने पुलिस की टीमें रात को बाजार में निकल रही है। अनेक लोग दुकानें बंद करने में आनाकानी कर रहे हैं जिस कारण पुलिस को सख्ती के साथ प्रकरण भी दर्ज किये गये। एएसपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर व देहात थाना क्षेत्रों में कलेक्टर के आदेश का पालन कराये जाने हेतु पुलिस टीमें सतत भ्रमण कर रही हैं। अनेक व्यापारी ऐसे हैं जो नियमों का पालन नहीं कर रहे उनके खिलाफ धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज किये जा रहे हैं।

# कोरोना के संक्रमण से बचाव के संबंध में जागरूकता फैलाने में सभी सहयोग करेंः कलेक्टर

शाजापुर।



**विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि, सामाजिक, व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर दिनेश जैन ने बैठक लेकर चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता फैलाने में सभी सहयोग करें और अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर आने वाले लोगों को कोरोना गाईड लाइन का पालन करने के लिए प्रेरित करें तथा स्वयं भी पालन करें।**

कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण के प्रकरण बढ़ते जा रहे हैं, इसलिए आवश्यक है कि सभी लोग कोरोना से बचाव के लिए सुरक्षा एवं सावधानी बरतें। अनावश्यक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में नहीं जाएं, अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर भीड़ इकट्ठी नहीं होने दें। आने वाले लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराएं। उन्होने कहा कि वर्तमान में सरकार का विचार आर्थिक गतिविधियों को बंद करने का नहीं है, किन्तु यदि परिस्थितियां बिगड़ती हैं तो निर्णय पर पुनर्विचार किया जाएगा और सख्त कदम उठाएंगे। उन्होने कहा कि सभी लोग मास्क लगाएं, प्रतिष्ठानों पर सेनेटाईजर रखें। जिला प्रशासन द्वारा धारा-144 के तहत लगाए गए प्रतिबंधों का पालन करें। साथ ही कलेक्टर ने 23 मार्च को शहीद दिवस के मौके पर जिले में वृहद स्तर पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों की जानकारी देते हुए सभी लोगों से रक्तदान करने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि 23 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित स्थलों पर रक्तदान शिविर आयोजित हो रहे हैं, जिनसे लगभग 2 हजार यूनिट रक्त इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं पुलिस अधीक्षक पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि सभी लोग जागरूक बनें और स्थिति खराब होने का इंतजार न करें।